Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding implementation of Ayushman Bharat Scheme in West Bengal.

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर) : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे महत्वपूर्ण मुद्दे पर शून्यकाल में बोलने का मौका दिया है । आदरणीय सभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं इस सरकार का ध्यान प्रधान मंत्री जी की अति महत्वाकांक्षी योजना 'आयुष्मान भारत योजना' की ओर दिलाना चाहता हूं, जिसके माध्यम से देश के सभी गरीब लोगों के जीवन में स्वास्थ और खुशहाली आई है । महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी के विशेष प्रयास से इस देश में 'आयुष्मान भारत योजना' संचालित हो रही है, जिसके तहत गरीबों को पांच लाख रुपए तक की चिकित्सा केंद्र सरकार द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है । किंतु मैं अत्यंत खेदपूर्वक बताना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार के द्वारा इस योजना को अपने प्रदेश में लागू नहीं किया गया है । … (व्यवधान) इसके कारण पश्चिम बंगाल के करोड़ों गरीब इस योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं और समुचित इलाज के अभाव में लोग दम तोड़ देते हैं । … (व्यवधान) अत: मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि पश्चिम बंगाल में भी 'आयुष्मान भारत योजना' को संचालित कराने के लिए यथोचित कार्यवाही की जाए । … (व्यवधान) धन्यवाद । … (व्यवधान)